# बिहार सरकार

# कार्यालय : नगर परिषद्, हिसुआ (नवादा)

## पुनः निविदा आमंत्रण सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

## संख्या : Re-E – Tender : 01 / 2026–27

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम एवं पता | : | कार्यपालक पदाधिकारी<br>नगर परिषद्, हिसुआ |
| 2 | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि | : | दिनांक : 07.05.2026 |
| 3 | निविदा कागजात डाउनलोड करने की अवधि | : | 05.08.2026 से 13.08.2026 को 15:00 बजे तक<br>(on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 4. | प्री बीड मीटिग का समय /स्थान / तिथि | : | समय – 11:00 बजे<br>स्थान – कार्यालय कक्ष, नगर परिषद्, हिसुआ<br>दिनांक : 06.08.2026 |
| 5 | संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि / समय | : | 14.08.2026 को 15:00 बजे तक<br>(on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि | : | 17.08.2026 के 15:30 बजे के बाद<br>(on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 7. | अग्रधन, सभी शपथ–पत्र, Existing Commitment (मूल में), परिमाण विपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट / प्रकाशित पेपर की छाया प्रति जमा करने की अंतिम तिथि / समय एवं स्थान | : | 17.08.2026 को 15:00 बजे तक |
| | स्थान | | 1. कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, हिसुआ का कार्यालय ।<br>2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, नगर विकास प्रमंडल नवादा का कार्यालय।<br>3. अधीक्षण अभियंता, नगर विकास अंचल (मगध) गया क कार्यालय। |

8. कार्य का विवरण :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) | Bid Processing Fee (Through Online Payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्कुलिंडिग मोनसून अवधि माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर परिषद्, हिसुआ क्षेत्रान्तर्गत बलियारी ग्राम में हनुमान मंदिर के सामने तालाब का जीर्णोद्वार, घाट निर्माण एवं Paver Block Pathway निर्माण कार्य। | 2876800.00 | 57600.00 | 5000.00 | 1180.00 | 3 माह |

नोट : विशेष जानकारी के लिए www.nawada.biharurban.in अथवा www.prdhinr.gov.in में देखा जा सकता है।

9. निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन

10. निविदा कागजात अपलोड करने से पूर्व संवेदक को "Bid Processing Fee" निम्न विधि से जमा करना होगा : .

   i. "Bid Processing Fee" is mandatory to be paid through online mode i.e. internet payment gateway (Credit / Debit Card), Net Banking. NEFT/ RTGS.
   ii. "Bids along with necessary online payments must be submitted through e-Procurement portal www.eproc2.bihar.gov.in before the date and time specified in the NIT. The Department doesn't take any responsibility for the delay/ Non Submission of Tender / Non Reconciliation of online Payment caused due to Non – availability of Internet Connection, Network Traffic / Holidays or any other reason."

11. कोई भी संवेदक जो केन्द्रीय /राज्य सरकार / लोक उपक्रम में निबंधित हो अथवा अन्तर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय स्तर के हैं, निविदा में भाग ले सकते है, परन्तु उक्त कार्य का लेटर ऑफ एक्सेपटेंस प्राप्त होने के बाद एवं एकरारनामा के पूर्व पथ निर्माण विभाग/ ग्रामीण कार्य विभाग में निबंधन कराना अनिवार्य होगा। यदि भवन का निर्माण कार्य होगा, तो भवन निर्माण कार्य का निबंधन भी मान्य होगा।

12. दो करोड से ऊपर की राशि की निविदा SBD (Standard Bid Documents) के माध्यम से की जायेगी।

13. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा www.prdbihar.gov.in में देखा जा सकता है।



Skinn

14. ई–टेन्डरिंग की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों का ई–टेन्डरिंग के Service Provider के पास पंजीकृत होना होगा, जिससे कि उन्हें उपयोगकर्त्ता का नाम (User Id) पासवर्ड (Password) एवं अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हें www.eproc2.bihar.gov.in से डाउनलोड करने / ई–टेन्डर की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए योग्यता प्रदान करेगा। इसके लिए हेल्थ डेस्क प्रथम तल्ल एम/22 बैंक ऑफ इण्डिया, बिल्डिंग रोड नम्बर – 25, श्री कृष्णा नगर, पटना – 800020, दूरभाष संख्या – 0612 2523006, मो0 संख्या – 7542028164 से सम्पर्क किया जा सकता है।

15. संवेदकों को कार्य स्थल, प्राक्कलन, क्वैरी स्थल एवं सामग्री स्थल इत्यादि की स्थिति, निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता की स्थिति से पूर्णरूपेण संतुष्ट होने के पश्चात ही निविदा में भाग लेने का परामर्श दिया जाता है। इस संबंध में बाद में किसी प्रकार का दाबा मान्य नहीं होगा।

16. (1) राज्य सरकार के किसी विभाग या संस्थान में किसी भी श्रेणी में काली सूची में डाले गये अथवा कार्यो से वंचित (Debarred) संवेदक इस निविदा में भाग लेने के योग्य नहीं होगें। यदि वे जानबुझकर तथ्य छुपाते हुए निविदा डालते है तो सारी जिम्मेवारी उनकी होगी तथा उनके विरूद्ध उचित कार्रवाई की जायेगी।

(2) निविदा सूचना की अन्य शर्त्तो को पूरा करने के बाबजूद कोई सम्वेदक की दी गयी निविदा बिल्कुल ही मान्य नहीं होगी, यदि :–

(क) संवेदक के द्वारा किसी निर्धारित प्रपत्र, विवरणी, शपथ पत्र या योग्यता प्रमाण पत्र के रूप में समर्पित किसी कागजात या दस्तावेज में गलत या गुमराह करने वाले तथ्य समर्पित किया गया हो।

(ख) किसी संवेदक का कार्य निष्पादन का Record खराब रहा हो। अर्थात् उन्होंने आवंटित कार्य को अधूरा छोड़ दिया हो, संविदा के शर्त्तो के अनुसार सम्यक रूप से पूरा नहीं किया हो, पूर्व से आवंटित किसी कार्य को पूरा करने में विलम्ब किया हो, या विवाद का इतिहास हो, वित्तीय अक्षमता सिद्ध हुई हो या उनके पास पूर्व से आबंटित कार्य निर्धारित समय सीमा के बाद भी पूरा करने हेतु लम्बित हो। तथ्यों को छुपाने की जबाबदेही उनकी होगी, क्योंकि उनके द्वारा समर्पित कागजात पर ही कार्यालय द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

(3) पार्टनशीप डीड में अंकित कोई पार्टनर कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक, सहयोग समिति एवं निबंधित संस्थाओं के पदाधिकारी या इन पदों पर कार्य करने वाले पूर्व में ब्लैक लिस्टेड है तो वह फर्म / कम्पनी / सहयोग समिति / निबंधित संस्था निविदा में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।

17. **परिमाण विपत्र**

उपर्युक्त निविदा परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक / अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत डिमान्ड ड्राफ्ट जो **नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, हिसुआ** के पदनाम से नवादा के बैंक में भुगतेय हो, स्वीकार किया जायेगा। जो निविदा प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए तथा निविदा प्राप्ति के 48 घंटे के अन्दर संवेदक द्वारा कार्यालय में परिमाण विपत्र का मूल्य जमा किया जाना चाहिए।

(1) **अग्रधन**

(क) अनुमोदित परिमाण विपत्र के अनुसार परिमाण विपत्र के 2 (दो) प्रतिशत की दर से अग्रधन की राशि देय होगी। जो न्यूनतम 100 के गुणक में होगी।

(ख) अग्रधन की राशि रिभाईज्ड पी० डब्लू० डी० कोड के नियम 161 के अनुसार निम्न स्वरूप में दिया जाना अनिवार्य है।

- किसी भी अनुसूचित बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक का सावधि जमा रसीद (सावधि जमा रसीद की वैधता अवधि निविदा प्राप्त की तिथि से छः महीने अधिक तक की अवधि के लिए वैध होनी चाहिए तथा निविदा निकालने वाले पदाधिकारी को प्रतिज्ञिप्त होना चाहिए।
- किसान विकास पत्र।
- किसी राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक का फिक्सड डिपोजिट प्रमाण पत्र
- 1/3/5 वर्षीय डाकघर की सावधि जमा
- डाकघर सेविंग बैंक पासबुक
- राज्य अन्तर्गत निर्गत राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र
- पाँच वर्षीय राष्ट्रीय विकास बॉन्ड
- राज्य विकास ऋण प्रमाण पत्र
- एक करोड. से अधिक कार्य के लिए किसी राष्ट्रीयकृत/ अनुसूचित बैंक का बैंक गारन्टी

उपरोक्त सभी प्रतिभूति की वैद्यता अवधि, निविदा की अंतिम तिथि से 180 दिन की अवधि तक वैद्य होगा। साथ ही निविदा निकालने वाले पदाधिकारी के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त होगा।

(ग) संवेदक द्वारा जमा किये गये अग्रधन की राशि पर किसी प्रकार की सूद विभाग द्वारा देय नहीं होगा।

(2) निविदा के समय जमा (अपलोड) किये जाने वाले कागजात स्वहस्ताक्षरित होना चाहिए, जिसमें तिथि, नाम के साथ एवं मोबाईल नम्बर अंकित हो।

(क) वैद्य निबंधन प्रमाण पत्र की प्रति।

(ख) साक्षेदार फर्म/कम्पनी के मामलें में डीड एवं आर्टिकल्स ऑफ एसोसियेशन की प्रति।

(ग) पैन कार्ड की प्रति।

(घ) जी० एस० टी० निबन्धन प्रमाण पत्र की प्रति।

(3) संवेदक के अधीन लम्बित (सभी विभागों के अधीन निविदा की तिथि को Existing Commitment कार्यो की राशि सहित सूची (मूल में)

(4) घोषणा प्रमाण पत्र (मूल में)/ (शपथ पत्र मूल में) (अपलोड)

"मैं अधोहस्ताक्षरी (साफ–साफ बड़े अक्षरों में नाम) ..........................................................................

सुपुत्र/सुपुत्री/ पत्नी श्री ............................................................................................ शपथपूर्वक

घोषणा करता/ करती हूँ कि –

(क) मेरे / हमारे विरूद्ध किसी प्रकार का आपराधिक मामला किसी भी न्यायालय में विचाराधीन नहीं है।

(ख) मुझे / हमें किसी सरकारी / अर्द्ध सरकारी प्रतिष्ठान द्वारा Debar, Black Listed एवं विगत एक वित्तीय वर्ष के अन्दर विखण्डित (Rescind) नहीं किया गया है।

(ग) मेरे / हमारा कोई निकटतम संबंधी (अभिप्राय है पति / पत्नी, माता / पिता, भाई / बहन तथा इस तरह के ससुराल पक्ष के संबंधी) संबंधित कार्य प्रमण्डल में कनीय अभियंता / सहायक अभियंता/ कार्यपालक अभियंता/ प्रमण्डलीय लेखा पदाधिकारी / लेखापाल के रूप में कार्यरत नहीं है।

(घ) निविदा में संलग्न सभी प्रमाण पत्र, कागजात, विवरणी जाली एवं गलत नहीं है।

(ङ) संवेदक के पास (i) मिक्चर मशीन, (ii) नोजल भाईब्रेटर, (iii) संटरिंग प्लेट एवं (iv) वाटर टैंकर (v) गुण– नियंत्रण उपकरण उपरोक्त, क्रमांक (i) से (iv) (पचास लाख से कम के लिए) तथा (i) से (v) (पचास लाख से अधिक के लिए) साथ – साथ भवन निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु एलीभेटर एवं स्टेजिंग पाईप का भी होना आवश्यक है, जो स्वयं का होना चाहिए अथवा किराये पर लेने की स्थिति में संवेदक एवं स्वामी दोनों को लेन देने का मूल शपथ पत्र (अपलोड) एवं प्रमाण के रूप में उपकरण का स्वामित्व का कागजात एवं यंत्र – संयंत्र एवं गुण – नियंत्रण उपकरणों की स्वसत्यापित सूची भी अपलोड करना होगा। अन्यथा निविदा अमान्य कर दिया जाएगा।

(च) बिटुमिनस पथ के कार्यो में प्रयुक्त होने वाले 60/70, 30/40, 80/100 Grade Packed बिटुमिन अथवा सामग्री जो लागू हो के क्रय एवं आपूर्त्ति की व्यवस्था संवेदक को स्वयं अपनी लागत पर करनी होगी। जिसके लिए उन्हें विभाग से किसी प्रकार का अग्रिम देय नहीं होगा। बिटुमिन का क्रय केवल राष्ट्रीयकृत तेल कम्पनियों से ही करना होगा तथा बिटुमिन क्रय के 48 घंटों के अन्दर कैशमैमों संबंधित सहायक अभियंता के समकक्ष प्रस्तुत करते हुए

अधोहस्ताक्षरी को भी सूचित करना होगा। साथ ही साथ 24 घंटों के अन्दर बिटुमिन की क्वालिटी का जाँच कराना होगा। B.M., SDBC कार्य के लिए Hot Mix Plant, Vibratory Roller, Static Roller, Paver Finisher, Fe loader, Tipper आवश्यक है, जो स्वयं अथवा किराये पर हो सकता है, परन्तु तत्संबंधी प्रमाणक एवं आवश्यक शपथ – पत्र कंडिका (ग) के अनुरूप देना अनिवार्य होगा।

उपर्युक्त कण्डिका "क", "ख", "ग" एवं "घ" में गलत सूचना देने का दोषी पाये जाने अथवा कोई अभिलेख असत्य, नकली, जाली पाये जाने पर सक्षम प्राधिकार द्वारा उनके उपर विधि सम्मत कार्रवाई करने के लिए विभाग स्वतंत्र होगें। चूँकि संवेदकों का निबंन्धन नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा नहीं हो रहा है। फलस्वरूप संवेदकों को बिहार PWD Code के बिहार ठीकेदार निबन्धन नियमावली –2007 के सुसंगत कण्डिकाओं के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की जायेगी। यदि यह शर्त्त संवेदकों को मान्य होगा, तभी वे निविदा डाले।

(छ) अनियोजित अभियंता निविदा देते समय कहाँ से / किस वर्ष (डिग्री/डिप्लोमा) पास किये है तथा वे अब तक अनियोजित है से संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना होगा। निविदा/कार्य आवंटन की प्रक्रिया लोक निर्माण संहिता के प्रावधानों के साथ की जायेगी। अनियोजित अभियंता के मामले में आवंटित कार्य के विरूद्ध अग्रधन की राशि मात्र 1 प्रतिशत राशि ली जायेगी, जिसमें बैंक गारण्टी भी अनुमान्य होगा। जमानत की 9 प्रतिशत उनके चालु विपत्र से कटौती की जाऐगी।

(छ) यह स्पष्ट है कि निविदा के सभी कागजात Website (www.eproc2.bihar.gov.in) पर अपलोड करना होगा, जो स्वहस्ताक्षरित होना चाहिए।

**(5) <u>प्रतिशत दर निविदा</u>**

(क) कार्य के परिमाण विपत्र की राशि से प्रतिशत के रूप में अधिक, बराबर या कम दर (अंक एवं शब्दों में) अंकित किया जाय। अंक एवं शब्द में अंकित दर में विसंगति होने पर शब्द में अंकित दर की मान्यता दी जायेगी।

(ख) पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या–448 (एस) दिनांक 16/01/2020 के आलोक में एक निश्चित स्तर (परिमाण बिपत्र की दर) के नीचे निविदित दर दिये जाने पर निम्नवत् अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarntee) देना होगा :–

a) परिमाण बिपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarntee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए ली जायेगी।

b) परिमाण बिपत्र की दर से 5 से 15 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarntee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए ली जायेगी।

c) परिमाण बिपत्र की दर से 15 से 20 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 01 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarntee) प्रति 01 प्रतिशत कम दर के लिए ली जायेगी।

परिमाण बिपत्र की दर से 20 प्रतिशत से ऊपर कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 02 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarntee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए ली जायेगी।

18. सशर्त्त निविदा मान्य नहीं होगी।

19. सक्षम प्राधिकार को बिना कोई कारण बताये निविदा के सभी/ किन्हीं कार्यो को या किसी कार्य के किन्हीं अंश/ अंशो को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। इसके लिए किसी भी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

20. **<u>निविदा निष्पादन</u>**

क. यदि निविदा की कण्डिका संख्या 18 के अनुसार कोई भी कागजात नहीं रहेगा या अधुरा रहेगा तो उसके निविदा को अमान्य कर दिया जायेगा।

ख. सफल न्यूनतम दर दाता संवेदक की निविदा आवश्यकतानुसार दर वार्त्ता के उपरान्त स्वीकार की जायेगी।

ग. निविदा में सफल एकाधिक संवेदकों से उद्धृत दर समान होने पर लॉटरी (ड्रॉ ऑफ लॉटरी) के आधार पर चयनित संवेदक के साथ ही यदि आवश्यकता हुई तो दर प्रक्रमण (दर वार्त्ता) किया जायेगा एवं नियमानुसार कार्य आवंटित किया जायेगा।

21. **<u>एकरारनामा</u>**

क. निविदा में सफल संवेदक को कार्य आवंटन की तिथि से 07 दिनों के अन्दर लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र $F_2$ (कंडिका – 23 बिलोपित) पर एकरारनामा कर कार्य प्रारम्भ करना होगा।

ख. एकरारनामा करने के उपरान्त मासिक कार्य योजना समर्पित करना होगा।

ग. अविलम्ब कार्य स्थल पर कार्य से संबंधित सूचनापट उसकी आकार – प्रकार एवं उसमें भरे जाने वाले विवरण के संबंध में कार्य के प्रभारी अभियन्ता के निदेशों का पालन करना होगा।

**अन्य शर्त्ते** :–

उपरोक्त शर्त्तो के अतिरिक्त परिणाम विपत्र (B.O.Q) की राशि 50 लाख से अधिक होने की स्थिति में निविदादातों को निम्नांकित शर्त्तो का भी अनुपालन करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा अमान्य कर दी जायेगी।

22. 50 लाख से अधिक की राशि का परिमाण विपत्र होने पर निविदादाताओं को एक वित्तीय बीड तथा एक तकनीकी बीड निविदा के साथ Upload करना होगा। तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का ही वित्तीय बीड खोला जाएगा। तकनीकी बीड में जो निविदाकार असफल होगें उनका वित्तीय बीड नहीं खोला जाएगा।

23. 50 लाख के अधिक के निविदा में संवेदक द्वारा विगत तीन वर्षों में (निविदा तिथि के पूर्ववर्त्ती माह तक) किसी एक वर्ष निविदा मूल्य के समतुल्य भुगतान प्रमाण पत्र होना चाहिए अथवा निविदा मूल्य के एक तिहाई मूल्य के बराबर समरूप कार्य का भुगतान प्रमाण पत्र देना होगा जो सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत होना चाहिए। जिसमें IT, ST, Royalty, Net Payment, Gross Payment होगा।

24. 50 लाख से अधिक मूल्य के निविदा में संवेदक को गुण नियंत्रण जाँच हेतु स्थलीय गुण नियंत्रण उपकरणों का स्वामित्व होना चाहिए अथवा किराये पर प्राप्त करने की स्थिति में किराये पर देने वाले एवं लेने वाले का मूल में शपथ पत्र अपलोड करना होगा। साथ ही गुण नियंत्रण / यंत्र – संयंत्र का स्वामित्व संबंधी कागजात भी अपलोड करना होगा।

25. 50 लाख के अधिक के मूल्य के निविदा में संवेदक के पास कम – से – कम एक डिप्लोंमा (सिविल) एवं एक डिग्री (सिविल) अभियन्ता होना चाहिए। तत्तसंबंधी उनका शपथ पत्र एवं प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए। शपथ – पत्र मूल में नियोजित एवं नियोजनकर्त्ता दोनों पक्षों का होना चाहिए। एक डिग्री – डिप्लोमा अभियंता भिन्न – भिन्न निविदाकार के यहाँ नियोजित माना जायेगा। यदि एक ही डिग्री–डिप्लोमा अभियंता भिन्न – भिन्न निविदाकार के यहाँ नियोजन के शपथ–पत्र देगें तो उनकी निविदा अमान्य कर दिया जायेगा।

26. क. निविदा के निर्धारित अवधि के अन्तर्गत ही कार्य को पूरा करना होगा। विशेष परिस्थिति को छोड़कर अवधि विस्तार की स्वीकृति नहीं दी जायेगी।

ख. प्राक्कलित राशि धट – बढ़ सकती है तथा कार्य स्थल के अनुसार निरूपण में परिवर्त्तन किया जा सकता है।

27. कार्य समाप्ति की तिथि से संवेदकों को उनके कार्य में त्रुटि सुधार (Defect Liability Period) की बाध्यता कार्य समाप्ति की तिथि से 36 माह (तीन वर्ष) होगी। तत्पश्चात् कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर ही उनकी जमानत की राशि विमुक्त की जायेगी।

28. E-Tendering में कार्यालय द्वारा download करने में संलग्न अभिलेख यदि अपठनीय पाया जायेगा तो निविदा अमान्य किया जा सकता है।

29. तकनीकी बीड में निविदा का उतना ही कागजात संलग्न करें जितना निविदा शर्त्तो की कण्डिकाओं में अंकित है। निविदा आमंत्रण सूचना के कण्डिकाओं को पुरी तरफ समझने के लिए कार्यालय अवधि में निविदाकार **कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, हिसुआ** से सम्पर्क कर सकते है।

30. In the unlikely event of the server for www.eproc2.bihar.gov.in being down for more than two consecutive hours (in the period from midnight to closing time for receipt of Tenders) on the last date of receiving of Bid, the last date of the same shall be extended by concerned authority only to the next working day till the last receiving time stipulated in the original NIT.

31. The Bidders are requested to check their file size of uploading documents at the time of submission & they should ensure that work file is uploaded. If they feel that the complete file is not uploaded then they should click on cancel & update the same before submission. The Bidders should satisfy themselves of download ability / visibility of the scanned & uploaded file by them.

32. The Bidders must use MS Office – 2003 version. File size should be less than 5 MB and should be in M.S. Word, M.S. Excel, PDF and JPEG Formats.

33. No claim shall be entertained on account of disruption of internet service being used by Bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last hour's technical snags.

34. In exceptional circumstances, the competent authority, UD & HD may solicit the Bidder's consent to an extension of the period of validity.

35. Bids that are rejected during the bid opening process shall not be considered for further evaluation, irrespective of the circumstances.

36. The Bidders shall submit their eligibility and qualification details, Technical Bid, Financial Bid etc. in the online standard formats given for respective Quotation in e-Procurement website (www.eproc2.bihar.gov.in) at the respective stages only. The Bidders shall upload the scanned copies of all the relevant certificates, documents etc. in supports of their eligibility criteria/ technical bids and other certificate/documents in the e-Procurement website. The Bidder shall sign on the supporting Statements, Documents, Certificates, uploaded by him, owning responsibility for their correctness / authenticity.

37. Corrigendum / Addendum, if any, will be published on the website itself.

38. अनियोजित अभियन्ता के लिए कर्णाकित कार्यो हेतु –

क. पथ निर्माण विभाग के प्र0 – 6 / नियम –03–03/2001–1399(S), दिनांक : 31.01.2008 द्वारा सभी शर्त्तो का अनुपालन करना होगा।

ख. शपथ पत्र मूल में देना होगा कि उन्होंने 3.50 करोड़ का कार्य से कम का कार्य अभी तक किया है।

ग. शपथ पत्र मूल में देना होगा कि किस वर्ष डिग्री / डिप्लोमा पास किया है तथा अब तक अनियोजित है।

7/5/2026

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, हिसुआ
07/05/2026

ज्ञापांक : 550, दिनांक : 07/05/2026

प्रतिलिपि : निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को निविदा आमंत्रण सूचना की 5 (पाँच) प्रति राजकीय / राष्ट्रीय स्तर के दो – दो समाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई हेजु समर्पित। अनुरोध है कि प्रकाशन निविदा की तिथि से एक सप्ताह पूर्व कराने की कृपा की जाए। विशेष जानकारी के लिए www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, हिसुआ

ज्ञापांक : 550, दिनांक : 07/05/2026

प्रतिलिपि : मुख्य अभियंता (जलापूर्त्ति ड्रेनेज एवं सीवरेज), दक्षिण बिहार उपभाग, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम (बुडको), पटना / अधीक्षण अभियंता, नगर विकास अंचल (मगध) गया / कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, नगर विकास प्रमंडल, नवादा / जिला पदाधिकारी, नवादा / पुलिस अधीक्षक, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, हिसुआ